The Cabinet Committee on Economic Affairs Tuesday approved a proposal to increase the equity investment threshold of public sector enterprise Powergrid from Rs 5,000 crore to Rs 7,500 crore per subsidiary, enabling it to bid for capital-intensive transmission projects. It will allow Powergrid to expand investments in its core business and support the evacuation of renewable energy capacity, helping achieve the 2030 target of 500 GW from non-fossil fuel-based sources. TNN

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE TRIBUNE DELHI 25 FEBRUARY 2026

Union Cabinet clears ₹1,677-cr Srinagar airport expansion plan

New terminal to handle 10 mn passengers annually

TRIBUNE NEWS SERVICE

NEW DELHI, FEBRUARY 24

In a significant move to enhance passenger handling capacity and decongest Srinagar airport, the Union Cabinet on Monday approved the development of a civil enclave at the airport at an estimated cost of Rs 1,677 crore. The project will span 73.18 acres.

Minister Ashwini Vaishnaw during a press conference in New Delhi.

The project scope also includes the construction of barracks for security personnel. Srinagar airport is operated by the Airports Authority of India within the Budgam Airbase of the Indian Air Force (IAF) and was designated an international airport in 2005. It is located approximately 12 km from Srinagar city.

The new civil enclave project will feature a state-of-the-art terminal building covering 71,500 square metres (including 20,659 square metres of existing structure). It is designed to serve 2,900 passengers during peak hours and have an annual handling capacity of 10 million passengers per annum (MPPA).

The expanded apron will accommodate 15 aircraft parking bays, including one wide-body (Code E) aircraft (nine existing and six proposed), while the 3,658 m x 45 m runway will continue to be operated by the IAF. The project will also include construction of a multi-level car parking facility with capacity for 1,000 cars.

Briefing mediapersons on the Cabinet decisions, Union Minister for Information and Broadcasting Ashwini Vaishnaw said that from handling 2 million passengers in 2021, Srinagar airport is currently handling 4 to 5 million passengers, against its existing capacity of 3 million passengers.

Architecturally, the new terminal will reflect a harmonious blend of modern design and Kashmir's rich cultural heritage, incorporating traditional elements such as intricate woodwork and locally inspired craftsmanship. At the same time, it will maintain operational efficiency through streamlined passenger processing areas, spacious lounges and advanced security and check-in facilities.

Beyond infrastructure enhancement, the project is expected to significantly boost tourism and economic growth by improving connectivity to iconic attractions such as Dal Lake, Shankaracharya Temple and the Mughal Gardens.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 25 FEBRUARY 2026

डीजीसीए सख्त, सार्वजनिक करना होगा विमानों की उम्र व रखरखाव का विवरण

उड़ान डायवर्ट, विलंब या निरस्त करने पर पायलट का निर्णय अंतिम

नई दिल्ली। विमान हादसों से चिंतित नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सुरक्षा उपाय और सख्त किए हैं। नियामक ने स्पष्ट किया कि किसी भी सुरक्षा चूक के लिए सिर्फ पायलट को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, एयरलाइन का शीर्ष नेतृत्व भी जवाबदेह होगा। विमान की उड़ान से जुड़ा डाटा, ईंधन का रिकॉर्ड और तकनीकी दस्तावेज भी मिलाए जाएंगे। हर विमान की उम्र और उसके रखरखाव की जानकारी सार्वजनिक करनी होगी। सभी संचालकों के लिए सुरक्षा के आधार पर रैंकिंग प्रणाली भी लागू की जाएगी।

झारखंड में गैर-निर्धारित एयरलाइन के विमान हादसे के बाद डीजीसीए ने ऐसे सभी संचालकों के साथ बैठक की। बाद में, बताया गया कि हाल में बढ़ी विमानन घटनाओं को देखते हुए सुरक्षा को व्यावसायिक हितों, चार्टर प्रतिबद्धताओं या वीआईपी उड़ानों से ऊपर रखा जाना चाहिए। डीजीसीए ने कहा, उड़ान डायवर्ट, विलंब या रद्द करने का पायलट का निर्णय अंतिम होगा और इसका सम्मान किया जाएगा। साथ ही, प्रबंधक और वरिष्ठ अधिकारी किसी भी प्रणालीगत उल्लंघन के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। पुराने विमानों व स्वामित्व बदलने वाले विमानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। ब्यूरो

वीएसआर के विमानों में खामियां...उड़ान से रोका

डीजीसीए ने कई सुरक्षा और प्रक्रियागत खामियां पाए जाने के बाद वीएसआर वेंचर्स के चार विमानों को तत्काल प्रभाव से उड़ान से रोक दिया है। इसी कंपनी का विमान 28 जनवरी को बारामती में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जिसमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना के बाद डीजीसीए ने कंपनी का विशेष सुरक्षा ऑडिट कराया था। जांच टीम को वायुयान की उड़ान योग्यता, वायु सुरक्षा और उड़ान संचालन से जुड़े कई स्वीकृत नियमों के उल्लंघन मिले। डीजीसीए ने कहा, रखरखाव प्रक्रियाओं में कमियां देखते हुए लियरजेट 40/45 श्रेणी के चार विमान को तब तक उड़ान से रोक दिया है, जब तक उनकी निरंतर उड़ान योग्यता के मानक बहाल नहीं हो जाते।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 25 FEBRUARY 2026

दिल्ली से लेह जा रहा स्पाइसजेट का विमान खराबी के कारण लौटा

नई दिल्ली। दिल्ली से लद्दाख के लेह जा रहा स्पाइसजेट का एक विमान मंगलवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण लौट आया। सूत्रों के मुताबिक, उड़ान संख्या एसजी-121 के इंजन में तकनीकी समस्या आई थी और इस विमान में करीब 150 यात्री सवार थे।

एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि विमान ने दिल्ली से लेह के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान में तकनीकी समस्या का पता चला जिसके बाद उसे एहतियातन उसे वापस दिल्ली लाया गया। विमान ने दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की और सभी यात्रियों को सामान्य तरीके से उतार लिया गया। सूत्रों ने बताया कि विमान में इंजन से जुड़ी दिक्कत सामने आई थी। हालांकि, एयरलाइन ने कहा कि कॉकपिट में आग लगने की कोई चेतावनी नहीं मिली। ब्यूरो

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 25 FEBRUARY 2026

एयर एंबुलेंस हादसा : 8 लाख कर्ज लेकर जान बचाने की जद्दोजहद, पर सब खत्म

बिलखते परिजन बोले, विमान हादसा उनके परिवारों की सामूहिक त्रासदी

रांची। झारखंड के चतरा जिले के सिमरिया के जंगलों में गिरी एयर एंबुलेंस के मलबे के नीचे सात जिंदगियां खत्म हो गईं, जिन घरों में यह खबर पहुंची, वहां भी जिंदगी जैसे थम गई। आग में झुलसे पति की जिंदगी बचाने और बेहतर इलाज के लिए आठ लाख कर्ज लेकर एयर एंबुलेंस किया, लेकिन सब खत्म हो गया। यह सिर्फ एक विमान दुर्घटना नहीं थी, यह उन परिवारों की सामूहिक त्रासदी है, जिनकी पूरी जिंदगी कर्ज के सहारे खड़ी थी।

इस हादसे में जान गंवाने वाले डॉक्टर विकास कुमार गुप्ता रांची के सदर अस्पताल में तैनात थे। उनके पिता बजरंगी प्रसाद, बिहार के औरंगाबाद जिले के एक साधारण परिवार से हैं। मीडिया से बातचीत में वह बताते हैं, हमने अपनी सारी जमीन बेच दी थी। कर्ज लिया बस एक ही सपना था मेरा बेटा डॉक्टर बनेगा। डॉ. विकास ने ओडिशा के कटक से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी। पढ़ाई आसान नहीं थी। फीस, हॉस्टल, किताबें हर चीज के लिए पैसे जुटाने पड़े। पिता बताते हैं कि कई बार किसी तरह पैसों की व्यवस्था की। आंखों में आंसू लिए वह बताते हैं कि लोग कहते थे इतना कर्ज मत लो, कैसे चुकाओगे? लेकिन मैंने कहा, बेटा पढ़ जाएगा तो सब चुका देगा। डॉ. विकास का सात साल का बेटा है। एजेंसी

चतरा में घटनास्थल पर बिखरा विमान का मलबा।

होटल में लगी आग, इलाज भी उधार से

विमान में सवार गंभीर मरीज संजय कुमार चंदवा कस्बे में छोटा-सा होटल चलाते थे। पिछले सप्ताह होटल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि संजय बुरी तरह झुलस गए। उन्हें पहले रांची के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज महंगा था, हर दिन हजारों रुपये खर्च हो रहे थे। परिवार ने जो बचत की थी, वह खत्म हो गई। डॉक्टरों ने सलाह दी कि बेहतर इलाज के लिए उन्हें दिल्ली के बड़े अस्पताल ले जाया जाए। सड़क मार्ग से ले जाना जोखिम भरा था। एयर एंबुलेंस ही विकल्प बचा था। उधार एयर एंबुलेंस बुक करने के लिए करीब 7.5 से 8 लाख रुपये की जरूरत थी। परिवार बेहद साधारण आर्थिक पृष्ठभूमि से है। संजय के भाई अजय, जो हरियाणा सरकार में कार्यरत हैं, बताते हैं कि हमने रिश्तेदारों से कर्ज लिया।

- **डीजीसीए व एएआईबी ने की जांच :** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की टीमें घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटा रही हैं। इस बीच सभी शवों का पोस्टमार्टम कर उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार मलबे से जरूरी दस्तावेज और अन्य सबूत एकत्र किए जा रहे हैं। जांच का काम बुधवार को भी जारी रहेगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 25 FEBRUARY 2026

तकनीकी खराबी : अंडमान में सात लोगों को ले जा रहा हेलिकॉप्टर समुद्र में गिरा, सभी सुरक्षित

श्री विजयपुरम। उत्तरी और मध्य अंडमान जिले के मायाबंदर से उड़ान भरने के बाद एक हेलिकॉप्टर मंगलवार सुबह समुद्र में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, हालांकि उसमें सवार चालक दल के सदस्यों समेत सभी सात लोगों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब 9:30 बजे हुई। हेलिकॉप्टर पोर्ट ब्लेयर से सुबह करीब 8:30 बजे रंगाघाट के लिए रवाना हुआ। सुबह 9:10 बजे यह मायाबंदर के लिए उड़ान भरा और इसे 9:30 बजे लैंड करना था। हालांकि, यह रनवे से 300 मीटर पहले ही समुद्र में गिर गया। हेलिकॉप्टर में पांच यात्री और चालक दल के दो सदस्य सवार थे। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी का संकेत मिला है, जिसके बाद पायलट को हेलिकॉप्टर को समुद्र में उतारना पड़ा। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पवन हंस लिमिटेड नोएडा स्थित एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। उन्होंने आगे बताया कि पोर्ट ब्लेयर से एक राहत हेलीकॉप्टर भेजा गया है। एजेंसी

बचाव दल ने दिखाई सक्रियता

- हेलिकॉप्टर में सवार लोगों में राजिता देवी, कमला चंद्र दास, शिप्रा साहा, नम्बी अम्मा, एक शिशु और दो पायलट, कैप्टन अनिल जानू और कैप्टन टीपीएस गुलिया शामिल थे। सभी सुरक्षित हैं।
- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के डीजीपी हरगोबिंदर सिंह धालीवाल ने पुलिस मरीन फोर्स की त्वरित कार्रवाई और समुद्र के बीच में सभी यात्रियों और पायलटों को बचाने के लिए उनकी सराहना की।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 25 FEBRUARY 2026

DGCA grounds 4 LearJet aircraft, ups safety initiatives

Our Bureau
Mumbai

The Directorate General of Civil Aviation has grounded four LearJet aircraft of VSR Ventures and initiated a slew of measures, including mandatory disclosures and safety ranking of charter operators.

These actions come in the wake of the LearJet crash in Baramati last month which killed Maharashtra Deputy Chief Minister Ajit Pawar.

A safety audit of VSR Ventures was ordered following the accident, which revealed non-compliances in areas of airworthiness, air safety and flight operations, the DGCA said on Tuesday. It has also grounded four LearJet planes of the charter firm.

Separately, DGCA held a meeting with charter companies and instructed them to prioritise safety over commercial considerations.

Non-scheduled operators will be required to disclose critical safety information on their website such as aircraft age, maintenance history and pilot experience for transparency. A safety ranking is being proposed for non-scheduled operators.

DGCA will also carry out intensive audits to curb falsification of records. Pilots found violating duty time norms and attempting to land below safe parameters may face 5-year suspension.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 25 FEBRUARY 2026

Centre sets ₹27,500 cr monetisation target for civil aviation under NMP 2.0

PRIVATE PARTICIPATION. Currently, 11 airports have been identified for leasing during the five-year period

Rohit Vaid
New Delhi

The next round of airport leasing (divestment) just got a boost, with the Centre setting a monetisation target of ₹27,500 crore for the civil aviation sector under the National Monetisation Pipeline (NMP) 2.0 for FY26-30.

Currently, 11 airports have been identified for monetisation (leasing) during the five-year period. The proposal is being considered by the Public Private Partnership Appraisal Committee (PPPAC). These airports include Varanasi, Bhubaneswar, Amritsar, Indore, Raipur, Tiruchirapalli, Kozhikode, Coimbatore, Ranchi, Jodhpur and Gaya.

NMP 2.0 framework covers operational, revenue-generating airports and select equity divestments in aviation-related public sector entities. The framework provides for structured private participation, while ownership of core airport assets will remain with the government.

SALE OF AIRPORTS

Besides, the framework states that the programme does not involve the outright sale of airports. Instead, airports will be offered under long-term concession agreements for a fixed duration, after which the assets will revert to the public authority.

According to the framework, the primary model proposed is the time-tested operation, maintenance and development agreement (OMDA).

In this structure, private concessionaires will operate and maintain airports, undertake capital expenditure for modernisation and expansion, and pay upfront concession fees or share revenue with the government or the airport authority.

GENERATING REVENUE. The framework provides for structured private participation, while ownership of core airport assets will remain with the government

Further, long-term public private partnership (PPP) concessions will also be deployed, typically spanning 20-50 years. In addition, select strategic stake-sales or equity divestments may be undertaken through initial public offering or follow-on public offering routes.

Notably, under the previous National Monetisation Pipeline covering FY22-25, the civil aviation sector had a monetisation target of ₹13,500 crore.

According to official estimates, the ₹27,500-crore total monetisation value includes upfront concession payments, the present value of future revenue share payable to the government or public sector undertakings, and committed private sector investment.

However, after adjusting for depreciation of airport assets during the concession period, the aggregate monetisation value is estimated at ₹22,500 crore.

According to projections for FY26-30, the majority of proceeds are expected to accrue to airport authorities and public sector undertakings. Moreover, some inflows are projected beyond FY30 based on the concession structure.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 25 FEBRUARY 2026

SriLankan Airlines plans flights to Ahmedabad

New Delhi: Seeking to strengthen its presence in India, SriLankan Airlines plans to start direct flights between Colombo and Ahmedabad in the next three months, as well as enhance its partnership with Air India. Currently, the airline has 89 weekly flights from Colombo to nine cities in India, and Ahmedabad would be its 10th Indian destination. Subject to regulatory approvals, SriLankan Airlines plans to start four weekly flights connecting Colombo and Ahmedabad. The carrier has flights to Chennai, Mumbai, Delhi, Hyderabad, Bengaluru, Kochi, Thiruvananthapuram, Madurai and Tiruchirappalli. PTI

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 25 FEBRUARY 2026

Domestic air passenger traffic growth projected to recover to 6-8%: ICRA

Rohit Vaid
New Delhi

India's domestic air passenger traffic is expected to grow 6-8 per cent to reach 175-179 million passengers in 2026-27, rating agency ICRA estimated on Tuesday.

In December 2025, ICRA had revised its domestic air passenger growth estimates to 0-3 per cent for 2025-26 from the 4-6 per cent envisaged earlier.

As per the rating agency, the international air passenger traffic growth for Indian carriers is expected to remain relatively stronger, aided by low base effect, expanding e-visa or visa-on-arrival coverage, and the Government of India's focus on developing theme-based and iconic tourist destinations.

MORE FLIERS. International air passenger traffic is expected to grow at 7-9 per cent for 2025-26 and 8-10 per cent for 2026-27

Consequently, ICRA estimated international air passenger traffic growth at 7-9 per cent for 2025-26 and 8-10 per cent for 2026-27.

Moreover, ICRA projected the net loss of the Indian aviation industry to reduce to ₹11,000-₹12,000 crore in 2026-27 from an elevated ₹17,000-₹18,000 crore in 2025-26.

The current fiscal year has seen a period of modest domestic air passenger traffic growth due to cross-border escalations, weather-related disruptions, travel hesitancy following the June 2025 aircrash, the impact on business travel owing to the headwinds stemming from the elevated US tariffs, and operational disruptions at IndiGo in December 2025.

The net loss of the Indian aviation industry is projected to reduce to ₹11,000-12,000 cr in 2026-27 from ₹17,000-18,000 crore in 2025-26

OUTLOOK STABLE

According to Kinjal Shah, Senior Vice-President & Co-Group Head, ICRA, the rating agency maintained a 'stable' outlook for the Indian aviation industry, supported by expectations of modest growth in domestic air passenger traffic and a gradually-improving operating environment, despite near-term challenges.

"The Indian aviation industry is expected to report a net loss of ₹17,000-₹18,000 crore in 2025-26, significantly higher than the estimated net loss of around ₹5,500 crore in 2024-25. However, the same is likely to reduce to ₹11,000-₹12,000 crore in 2026-27, led by growth in domestic air passenger traffic and expected normalisation of operations post disruptions seen in 2025-26 that resulted in flight cancellations and passenger refunds," Shah said.

"The industry's debt metric, which weakened in 2025-26 with an estimated interest cover of 0.7-0.9 times from 1.8 times in 2024-25, is also expected to improve to 1.3-1.5 times in 2026-27, despite increasing debt linked with new aircraft deliveries."

Besides, ICRA cited that the industry saw around 4 per cent capacity addition in CY25 and the total number of aircraft stood at 865 as on December 31, 2025.

Various industry players have announced large aircraft purchase orders and, as per the indicative numbers, the total pending deliveries stand at more than 1,700 as on January 31, 2026, which are likely to be received over the next 10 years.

A large part of these orders is towards replacement of old aircraft with new fuel-efficient ones, ICRA said.

"Engine failures and supply chain challenges resulted in grounding of 20-22 per cent of the total industry fleet as of September 2023. The same has come down to 13-15 per cent as of February 2026, corresponding to 117 aircraft," Shah said.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 25 FEBRUARY 2026

Singapore Airlines Q3 profit tumbles

Reuters

Singapore Airlines posted a nearly 69 per cent slide in third-quarter net profit on Tuesday due to the absence of last year's one-off gain from the Air India-Vistara merger and rising fuel costs.

The airline's share of losses from associated companies climbed by S$163 million to S$178 million, reflecting a full-quarter share of Air India's losses this year, compared with only one month in the year-ago period. Its expenditure rose to S$4.71 billion compared with S$4.59 billion.

Record global travel demand kept older aircraft in service, pushing up fuel, maintenance,engine-leasing and inventory costs.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 25 FEBRUARY 2026

Indian airlines' losses may dip to ₹11K-12K cr in FY27, says Icra

Indian airlines are expected to reduce losses to an estimated ₹11,000-12,000 crore next fiscal from a projected ₹17,000-18,000 crore this financial year, ratings agency Icra said on Tuesday, even as it maintained a "stable outlook" for the domestic aviation industry. Icra also estimates the domestic air passenger traffic to grow by 6-8 per cent and touch 175-179 million passengers in FY2026-27. The international air passenger traffic growth for Indian carriers is expected to remain relatively stronger, aided by low base effect, expanding e-visa/visa-on-arrival coverage, and the government's focus on developing theme-based and iconic tourist destinations, the ratings agency said. PTI

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 25 FEBRUARY 2026

DGCA announces tighter rules for non-scheduled aircraft operators

The Directorate General of Civil Aviation (DGCA) on Tuesday said safety lapses cannot be simply blamed on pilots as it announced a slew of strict safety measures for non-scheduled flight operators, including public disclosures of aircraft maintenance history and a safety ranking mechanism, in the wake of recent crashes.

A day after a plane, operated by a non-scheduled operator (NSOP), crashed in Jharkhand, killing seven people onboard, DGCA held a meeting with all such operators.

"Safety must remain the absolute priority, superseding all commercial considerations, charter commitments or VIP movements," it said.

"To support this, the authority reaffirmed that the Pilot-in-Command's decision to divert, delay, or cancel a flight for safety reasons is final and must be respected by operators without commercial consequences," the statement said.

Sending out a strong warning, the regulator said accountable managers and senior leadership of NSOPs would be held personally responsible for systemic non-compliances and stressed that "safety lapses cannot simply be blamed on pilots". The regulator said there would be increased monitoring of NSOPs' older aircraft, as well as those undergoing ownership changes.

Further, the operators have to establish real-time weather update systems and ensure strict compliance with Standard Operating Practices. After completion of the first phase of the special safety audit of NSOPs in early March, the second phase covering the remaining NSOPs will be undertaken. PTI

Action against VSR Ventures for lapses: DGCA

After finding several compliance lapses, aviation regulator DGCA on Tuesday directed the grounding of four aircraft of VSR Ventures, whose plane crashed at Baramati last month, killing Maharashtra Deputy Chief Minister Ajit Pawar and four others.

The multi-disciplinary audit team observed several non-compliances of approved procedures in the area of airworthiness, air safety, and flight operations, the regulator said in a statement. PTI

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR DELHI 25 FEBRUARY 2026

झारखंड हादसे के बाद सख्त नियम

नॉन शेड्यूल्ड उड़ानों की सुरक्षा में चूक तो संबंधित कंपनी के अफसर नपेंगे...

भास्कर न्यूज। नई दिल्ली

विमानन नियामक डीजीसीए ने नॉन शेड्यूल्ड फ्लाइट ऑपरेटर्स (एनएसओपी) के लिए कड़े सुरक्षा नियम लागू कर दिए हैं। ये ऐसे ऑपरेटर होते हैं, जिनकी उड़ानों का कोई निश्चित टाइम-टेबल या तय रूट नहीं होता। डीजीसीए ने कहा है कि अगर चार्टर प्लेन या प्राइवेट हेलीकॉप्टर कंपनियों में नियमों की कोई भी बड़ी लापरवाही पाई जाती है, तो इसके लिए कंपनी के बड़े अधिकारियों और जिम्मेदार मैनेजरों को व्यक्तिगत तौर पर दोषी माना जाएगा और उन पर कार्रवाई होगी। सुरक्षा चूक के लिए सिर्फ पायलटों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। ऐसे ऑपरेटर्स के विमानों की उम्र और मेंटेनेंस हिस्ट्री जैसी अहम जानकारियां भी सार्वजनिक की जाएगी। सुरक्षा कारणों से उड़ान डायवर्ट, डिले या रद्द करने का पायलट का फैसला ही अंतिम होगा। संबंधित कंपनी ऑपरेटर पर कोई कमर्शियल कार्रवाई नहीं करेगी।

डीजीसीए ने नए नियम बीते सोमवार को झारखंड में हुए हेलीकॉप्टर हादसे को देखते हुए जारी किए हैं। इसकी उड़ान भी नॉन शेड्यूल्ड श्रेणी की थी, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई थी।

एनएसओपी के लिए अब ये नई गाइडलाइन

- अब इन ऑपरेटर्स को उनकी सुरक्षा के स्तर के आधार पर रैंकिंग (जैसे 1 से 5 स्टार) दी जाएगी, जिससे पता चलेगा कि कौन सी कंपनी सबसे सुरक्षित है।
- अगर कोई पायलट नियम तोड़ता है, तो उस पर भारी जुर्माना लगेगा और उसका लाइसेंस 5 साल के लिए सस्पेंड होगा।
- जो विमान काफी पुराने हो चुके हैं या जिन कंपनियों के मालिक बदल रहे हैं, उन पर सरकारी एजेंसियां ज्यादा कड़ी नजर रखेंगी।
- जिन कंपनियों के पास विमान सुधारने का अपना वर्कशॉप है, उनकी कड़ी जांच होगी। अगर वहां कमियां मिलीं, तो उन्हें अपना काम बाहर की किसी मान्यता प्राप्त बड़ी कंपनी से कराना पड़ेगा।
- कंपनियों को ऐसा सिस्टम बनाना होगा जिससे उन्हें पल-पल के मौसम की सही जानकारी मिलती रहे। साथ ही, काम करने के तय नियमों का पालन करना अब अनिवार्य होगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR DELHI 25 FEBRUARY 2026

बड़ी अनहोनी टली • तकनीकी खराबी के कारण समुद्र में आपात लैंडिंग करानी पड़ी

अंडमान; समुद्र में गिरा हेलिकॉप्टर, सभी 7 बचे

पुलिस मरीन फोर्स ने समुद्र के बीच से सभी यात्रियों व चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाला।

भास्कर न्यूज. श्री विजयपुरम। अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में मायाबंदर हेलीपैड पर निर्धारित लैंडिंग से महज 300 मीटर पहले पवन हंस के एक हेलिकॉप्टर को समुद्र में आपात लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें कुल 7 लोग सवार थे। सभी को सुरक्षित बचा लिया गया है। नागरिक उड्डयन निदेशक नितेश रावत ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 8:45 बजे श्री विजयपुरम (पोर्ट ब्लेयर) से उड़ान भरी गई थी और करीब 9:30 बजे हादसा हो गया। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी का संकेत मिला है।

दिल्ली-लेह जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट की आपात लैंडिंग

स्पाइसजेट के बोइंग 737 प्लेन की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। सुबह 6.08 बजे लेह की उड़ान थी। इंजन-2 में खराबी आ गई। 150 यात्री-क्रू सवार थे। सभी सुरक्षित।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU DELHI 25 FEBRUARY 2026

स्पाइसजेट के विमान की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

- उड़ान के दौरान इंजन में खराबी आई
- दिल्ली से लेह के लिए भरी थी उड़ान

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजेंसियां)। स्पाइसजेट की मंगलवार को लेह जा रही फ्लाइट को तकनीकी खराबी के बाद वापस दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कराया गया। सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतार लिया गया है।

स्पाइसजेट की बोइंग 737 विमान की उड़ान एसजी121 के चालक दल को इंजन में खराबी का पता चला, जिसके बाद फ्लाइट को वापस लौटना पड़ा।

विमान में 150 लोग सवार थे

विमान के इंजन में संभावित खराबी थी, जो संभवत: दूसरे इंजन से संबंधित थी। विमान में 150 लोग सवार थे।

पवन हंस का हेलीकॉप्टर समुद्र में गिरा

सभी सात लोग सुरक्षित

नई दिल्ली। विमानन क्षेत्र की सरकारी कंपनी पवन हंस का एक हेलीकॉप्टर मंगलवार सुबह मायाबंदर के पास समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। राहत की बात यह रही कि हेलीकॉप्टर में सवार सभी सात लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा सुबह लगभग 9:30 बजे हुआ। हेलीकॉप्टर ने श्री विजया पुरम से सुबह करीब 8:45 बजे उड़ान भरी थी और लगभग 45 मिनट बाद समुद्र में गिर गया। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी की आशंका जताई गई है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN DELHI 25 FEBRUARY 2026

डीजीसीए ने दी चेतावनी, चार्टर्ड विमान हादसे हुए तो संचालक होंगे जिम्मेदार

डीजीसीए ने कड़े किए नियम, कहा- केवल पायलटों पर दोष मढ़ना ठीक नहीं

नई दिल्ली, प्रेट्र: महीने भर के अंदर एक के बाद एक निजी चार्टर्ड विमान हादसों के बाद डीजीसीए ने सख्त रुख अपनाते हुए विमानन नियामक डीजीसीए ने गैर निर्धारित विमान संचालकों (एनएसओपी) के लिए नियम कड़े कर दिए हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सुरक्षा मानकों को लेकर कई नई व्यवस्थाओं की घोषणा की है और स्पष्ट किया है कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब पायलट से लेकर कंपनी संचालक तक कार्रवाई के दायरे में लाए जाएंगे।

दरअसल, सोमवार को रांची से दिल्ली जा रहा एक एयर एंबुलेंस विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। यह विमान एक गैर-निर्धारित आपरेटर द्वारा संचालित किया जा रहा था। इससे पहले 28 जनवरी को महाराष्ट्र के बारामती के पास वीएसआर वेंचर्स के स्वामित्व वाला लियरजेट 45 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार व चार अन्य की मौत हो गई थी। अंडमान निकोबार में पवन हंस हेलीकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सात लोगों को सुरक्षित बचाया गया।

इन घटनाओं के बाद डीजीसीए ने सभी नान-शेड्यूल्ड आपरेटरों (एनएसओपी) की बैठक बुलाई। बैठक में नियामक ने साफ कहा कि सुरक्षा चूक का ठीकरा केवल पायलटों पर नहीं फोड़ा जा सकता, बल्कि जवाबदेह प्रबंधक और वरिष्ठ प्रबंधन भी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराए जाएंगे।

गैर-निर्धारित विमान संचालकों को विमानों की आयु, रखरखाव का ब्योरा और अन्य महत्वपूर्ण सुरक्षा जानकारियां सार्वजनिक करनी होंगी। इन आपरेटरों की 'सुरक्षा रैंकिंग' भी तैयार की जाएगी। डीजीसीए ने कहा-नियमों के उल्लंघन पर पायलटों के लाइसेंस को अधिकतम पांच वर्ष तक निलंबित किया जा सकता है। पुराने विमानों व स्वामित्व परिवर्तन से गुजर रहे विमानों की विशेष निगरानी की जाएगी।

नागर विमानन मंत्रालय ने भी संकेत दिया है कि गैर-निर्धारित उड़ानों और छोटे हवाईअड्डों के संचालन की समीक्षा की जा रही है।

संबंधित >> पेज 11

- महीनेभर के अंदर दो विमान हादसों से बढ़ी चिंता, पायलट से लेकर प्रबंधन तक सीधे निशाने पर
- विमानन नियामक का एयर टैक्सी को लेकर पारदर्शिता, सुरक्षा और सतर्कता बढ़ाने पर जोर

डीजीसीए के सख्त नियम

- विमान की उम्र, रखरखाव व पायलट अनुभव का खुलासा अनिवार्य
- डीजीसीए वेबसाइट पर सेफ्टी रैंकिंग प्रकाशित होगी
- सीवीआर व ड्यूटी डाटा का रैंडम आडिट बढ़ेगा
- वरिष्ठ प्रबंधन सीधे तौर पर जवाबदेह होगा
- एफडीटीएल उल्लंघन पर लाइसेंस पांच साल तक निलंबित हो सकता है
- पुराने व स्वामित्व बदल रहे विमानों की सख्त मेंटेनेंस जांच
- जरूरत पर एमआरओ को अनिवार्य आउटसोर्सिंग
- पायलटों के लिए रीयल-टाइम मौसम अपडेट सिस्टम अनिवार्य
- मौसम जागरूकता पर जोर
- मार्च 2026 के बाद फेज-2 सेफ्टी आडिट शुरू होगा
- हितधारकों के लिए कार्यशालाएं आयोजित होंगी
- सुरक्षा उल्लंघन पर जीरो टालरेंस नीति लागू

बीएओए ने भी सतर्कता बरतने को कहा

उधर, बिजनेस एयरक्राफ्ट आपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) ने भी अपने सदस्यों से आंतरिक सुरक्षा आडिट कराने और क्रू ब्रीफिंग को सख्ती से लागू करने की अपील की है। संगठन ने कहा कि विशेष रूप से अनियंत्रित हवाईपट्टियों और सीमित मौसम सहायता वाले क्षेत्रों में उड़ान भरने वाले आपरेटरों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए।

वीएसआर वेंचर्स की उड़ान पर ब्रेक

बारामती विमान हादसे में अजीत पवार की मौत के बाद चार्टर्ड विमान संचालक कंपनी वीएसआर वेंचर्स के चार विमानों को उड़ान भरने से रोक दिया गया है। डीजीसीए ने बताया है कि स्पेशल सेफ्टी आडिट में उड़ान योग्यता, हवाई सुरक्षा, उड़ान संचालन में कई अनुपालन संबंधी खामियां पाई गई हैं। डीजीसीए ने स्पेशल आडिट शुरू कराई थी। इस बीच, विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि प्राथमिक रिपोर्ट 28 फरवरी को जारी की जाएगी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN DELHI 25 FEBRUARY 2026

रास्ते में इंजन खराब, दिल्ली लौटा स्पाइस जेट का विमान

प्रस्थान के कुछ देर बाद ही आई खराबी, आइजीआइ एयरपोर्ट के रनवे पर हुई सुरक्षित लैंडिंग

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: मंगलवार सुबह नई दिल्ली से लेह जा रही स्पाइसजेट की उड़ान के इंजन में प्रस्थान के कुछ देर बाद ही खराबी आ गई। पायलट को जैसे ही इसका पता चला, एटीसी से अनुमति के बाद उन्होंने उड़ान की वापसी का फैसला लिया और आइजीआइ एयरपोर्ट के रनवे पर विमान को सुरक्षित लैंडिंग कराई। विमान में 150 यात्री सवार थे।

स्पाइसजेट की उड़ान संख्या एसजी-121 ने मंगलवार सुबह 6.08 बजे दिल्ली से लेह के लिए उड़ान भरी थी। प्रस्थान के कुछ ही मिनट बाद जब विमान ऊंचाई पर था, तभी पायलट को इंजन में तकनीकी खराबी का संकेत मिला। सूत्रों के अनुसार, केबिन में हल्का धुआं या असामान्य आवाज महसूस की गई थी, जिसके बाद सुरक्षा प्रोटोकाल के तहत इमरजेंसी घोषित की गई। करीब पौने सात बजे विमान की रनवे पर लैंडिंग हुई। इस बीच एयरपोर्ट पर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट थीं।

नई दिल्ली से लेह जा रहे विमान में सवार थे 150 यात्री, पायलट को इंजन में तकनीकी खराबी होने का मिला था संकेत

उधर उड़ान के दौरान विमान में सवार यात्रियों के लिए यह अनुभव बेहद डरावना रहा। जैसे ही पायलट ने विमान को वापस दिल्ली की ओर मोड़ने की घोषणा की, यात्रियों में घबराहट फैल गई। रनवे पर विमान की लैंडिंग के समय एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तैनात थीं, हालांकि विमान सुरक्षित उतर गया और सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए। उड़ान नियामक संस्था डीजीसीए ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। स्पाइसजेट ने बयान जारी कर कहा है कि यात्रियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। बाद में यात्रियों के लिए वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था कर उन्हें लेह भेजा गया।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN DELHI 25 FEBRUARY 2026

अंडमान में हेलीकाप्टर समुद्र में गिरा, सभी लोग सुरक्षित

उत्तर और मध्य अंडमान जिले में मायाबंदर के पास समुद्र में गिरे हेलीकाप्टर के मलबे की जांच करते पुलिसकर्मी • प्रेट्र

- रंगत से उड़ान भरने के बाद सुबह 9.30 बजे हुई दुर्घटना
- समुद्र के बीच से बचाए गए सभी यात्री व चालक दल के सदस्य

श्री विजया पुरम (पोर्ट ब्लेयर), प्रेट्र: अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के उत्तर और मध्य अंडमान जिले में मंगलवार सुबह पवन हंस का एक हेलीकाप्टर मायाबंदर के पास समुद्र में गिर गया। इसमें चालक दल के दो सदस्यों सहित सात लोग सवार थे। राहत की बात यह है कि समय रहते सभी को सुरक्षित बचा लिया गया।

हेलीकाप्टर ने सुबह करीब साढ़े आठ बजे पोर्ट ब्लेयर से रंगत के लिए उड़ान भरी थी। वहां से नौ बजकर 10 मिनट पर इसने मायाबंदर के लिए प्रस्थान किया। सुबह साढ़े नौ बजे रनवे से मात्र 300 मीटर पहले हेलीकाप्टर समुद्र में जा गिरा। नागरिक उड्डयन विभाग के अनुसार, शुरुआती जांच में तकनीकी खराबी को क्रैश-लैंडिंग का कारण माना जा रहा है।

कोस्ट गार्ड, पुलिस और पुलिस मरीन फोर्स ने तत्परता दिखाते हुए बीच समुद्र से सभी पांच यात्रियों और दो पायलटों को बचाया। सभी घायलों को मायाबंदर के डा. राजेंद्र प्रसाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पवन हंस लिमिटेड नोएडा स्थित एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। पवन हंस के प्रवक्ता ने कहा, 'तकनीकी खराबी के कारण पायलट को क्रैश-लैंडिंग करनी पड़ी। जांच शुरू कर दी गई है।''

एयर एंबुलेंस से मरीज को ले जाने के लिए 8.5 लाख का लिया था कर्ज

- डीजीसीए ने शुरू की रांची एयर एंबुलेंस क्रैश मामले की जांच
- जांच के लिए विमान से चार सदस्यीय जांच दल पहुंचा रांची

जागरण संवाददाता, चतरा : झारखंड के चतरा जिले के सिमरिया में सोमवार रात एयर एंबुलेंस हादसे से जुड़ी कहानियां एक-एक कर सामने आ रही हैं। इस एयर एंबुलेंस का किराया चुकाने के लिए घायल संजय कुमार के स्वजन ने आठ लाख रुपये का कर्ज लिया था। सोमवार की दोपहर परिवार ने 2.5 लाख रुपये की व्यवस्था की थी, जबकि एयर एंबुलेंस का किराया 8.5 लाख रुपये था। बाकी के पैसे उन्होंने अपने रिश्तेदारों से कर्ज लेकर चुकाए, इसके बाद एयर एंबुलेंस ने रांची से दिल्ली के लिए उड़ान भरी। दुर्भाग्यवश कुछ मिनटों बाद ही एयर एंबुलेंस क्रैश हो जाने से उसमें सवार मरीज संजय कुमार, उनकी पत्नी अर्चना, 20 वर्षीय भांजा तथा मेडिकल टीम में शामिल डा. विकास व एक पारा मेडिकल स्टाफ और दो पायलटों की जान चली गई।

हादसे में जान गंवाने वाले रांची सदर अस्पताल में पदस्थापित एनेस्थेसिया विशेषज्ञ डा. विकास कुमार गुप्ता उन जाने-माने चिकित्सकों में थे, जिन्हें गंभीर मरीजों के साथ एयर एंबुलेंस में विशेष रूप से ले जाया जाता था। डा. विकास कुमार गुप्ता के पिता ने बताया कि उन्होंने बेटे को डाक्टर बनाने के लिए जमीन तक बेच दी थी। नागर विमानन महानिदेशालय ने जांच शुरू कर दी। वहीं, विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की दो टीमों को भी जांच का जिम्मा सौंपा गया है। मंगलवार को इंडिगो के विमान से चार सदस्यीय जांच दल रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचा।

'खराब मौसम में उड़ान में सक्षम नहीं था दुर्घटनाग्रस्त विमान'

गौरव कुमार मिश्रा • जागरण

- विशेषज्ञों बोले- टर्बो प्रोपेलर आधारित विमानों का एयर एंबुलेंस में न हो इस्तेमाल
- टर्बो प्रोपेलर आधारित बीचक्राफ्ट किंग एयर सी-90 खराब मौसम में उड़ान भरने योग्य नहीं

मार्क मार्टिन, उड्डयन विशेषज्ञ

जितेंद्र भार्गव, उड्डयन विशेषज्ञ

नई दिल्ली: झारखंड के रांची से मरीज को लेकर दिल्ली जा रहे एयर एंबुलेंस के चतरा जिले में खराब मौसम के बीच घने जंगलों में दुर्घटनाग्रस्त होने पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। टर्बो प्रोपेलर आधारित इस विमान 'बीचक्राफ्ट किंग एयर सी-90' को विशेषज्ञ तकनीक के मामले में पुराना और खराब मौसम में लंबी दूरी तक जाने में असुरक्षित बता रहे हैं। इससे पहले भी टर्बो प्रोपेलर आधारित एयर एंबुलेंस हादसे के शिकार होते रहे हैं।

उड्डयन विशेषज्ञ मार्क मार्टिन का कहना है कि एयर एंबुलेंस सेवाओं में आमतौर पर कंपनियां लागत कम करने के लिए पुराने टर्बो प्रोपेलर विमानों को विदेश से सस्ते में खरीदकर एयर एंबुलेंस के रूप में री-फिट करती हैं। ये विमान अपनी सेवा अवधि के अंतिम चरण में होते हैं। मौसम खराब होने जैसी आपातकालीन स्थितियों में जब विमान को अतिरिक्त शक्ति और स्थिरता की आवश्यकता होती है, तो इन विमानों के पुराने इंजन से मदद नहीं मिल पाती। जिससे हादसे की आशंका बढ़ जाती है। मार्टिन बताते हैं कि टर्बो प्रोपेलर विमान कम ऊंचाई पर ही उड़ सकते हैं। ऐसे में उनके खराब मौसम, बादलों और तेज हवा के संपर्क में आने की आशंका बनी रहती है। चतरा में एयर एंबुलेंस हादसे के दौरान भी पायलट ने खराब मौसम की बात एयर ट्रैफिक कंट्रोल को बताई थी।

जेट इंजन वाले विमानों का हो इस्तेमाल: मार्टिन बताते हैं कि दुनिया के अधिकांश देशों में अब एयर एंबुलेंस के लिए जेट इंजन आधारित विमानों का इस्तेमाल होता है। जेट विमान 35 हजार फीट से ऊपर उड़कर तूफान को नीचे छोड़ देता है। भारत में लंबी दूरी में एयर एंबुलेंस के लिए जेट इंजन आधारित विमान को अनिवार्य किया जाना चाहिए। वहीं, उड्डयन विशेषज्ञ जितेंद्र भार्गव का कहना है कि नियमों के अनुपालन में डीजीसीए जो सख्ती शेड्यूल्ड एयरलाइंस के लिए दिखाती है, वही सख्ती नान शेड्यूल उड़ानों से जुड़ी संचालन कंपनियों पर भी दिखानी चाहिए। भार्गव ने कहा कि सुरक्षा को कम तरजीह देने पर ही दुर्घटनाएं होती हैं।

पहले भी हो चुके हादसे

- 2011 में पटना से दिल्ली आ रही एयर एंबुलेंस (किंग एयर सी-90) फरीदाबाद के रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। सवार सात लोगों की मौत हो गई थी।
- 24 मई 2016 को पटना से दिल्ली आ रहा किंग एयर सी-90 विमान तकनीकी खराबी और खराब मौसम का शिकार हो गया था। इसकी दिल्ली के नजफगढ़ स्थित कैर गांव के खेत में क्रैश लैंडिंग हुई। हालांकि, तब विमान में सवार सभी सात लोग सुरक्षित बच गए थे।
- 2018 में मुंबई के जुहू हवाई अड्डे के पास एक निर्माणाधीन इमारत पर किंग एयर सी-90 क्रैश हो गया। हादसे में पायलट सहित पांच लोगों की जान गई थी। यह विमान भी काफी पुराना था और मरम्मत के बाद परीक्षण उड़ान पर था।
- 2021 में मध्य प्रदेश सरकार का एक बीचक्राफ्ट किंग एयर विमान ग्वालियर हवाई अड्डे पर लैंडिंग के समय क्रैश हुआ था।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN DELHI 25 FEBRUARY 2026

इंडिगो ने जारी की यात्रा सलाह, खराब मौसम से उड़ान संचालन प्रभावित

नई दिल्ली, एएनआइः इंडिगो एयरलाइंस ने मंगलवार को कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खराब मौसम की स्थिति के कारण दुबई और अबूधाबी की उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ है। एयरलाइन कंपनी ने यात्रा सलाह जारी कर यात्रियों को संभावित देरी और लंबी प्रतीक्षा समय के बारे में सतर्क किया है। इंडिगो ने एक्स पर पोस्ट किया, दुबई और अबूधाबी में खराब मौसम की स्थिति के कारण उड़ान संचालन प्रभावित हो सकता है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

RS DAINIK JAGRAN DELHI 25 FEBRUARY 2026

दिल्ली से लेह जा रहे स्पाइसजेट के इंजन में खराबी, लौटा विमान

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: दिल्ली से लेह जा रहे स्पाइसजेट के विमान के इंजन में मंगलवार को प्रस्थान के कुछ देर बाद ही खराबी आ गई। पायलट को जैसे ही इसका पता चला, एटीसी से अनुमति के बाद उन्होंने वापसी का फैसला लिया। सूत्रों के अनुसार, केबिन में हल्का धुआं या असामान्य आवाज महसूस की गई, जिसके बाद सुरक्षा प्रोटोकाल के तहत इमरजेंसी घोषित की गई। बाद में आइजीआइ एयरपोर्ट पर विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। विमान में 150 यात्री सवार थे। उड्डयन नियामक संस्था डीजीसीए ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

स्पाइसजेट की उड़ान संख्या एसजी-121 ने सुबह 6.08 पर दिल्ली से लेह के लिए उड़ान भरी थी। प्रस्थान के कुछ ही मिनटों बाद जब विमान ऊंचाई पर था, तभी पायलट को इंजन में तकनीकी खराबी का संकेत मिला।

जैसे ही पायलट ने विमान को वापस दिल्ली की ओर मोड़ने की घोषणा की, यात्रियों में घबराहट फैल गई। हालांकि, विमान सुरक्षित उतर गया और सभी यात्री बाहर निकाल लिए गए। स्पाइसजेट ने बयान जारी कर कहा कि यात्रियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और उन्हें दूसरे विमान से गंतव्य तक भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

Corporate Communications Directorate

THE ECONOMIC TIMES DELHI 25 FEBRUARY 2026

DGCA Set to Overhaul Charter Flight Safety After 2 Fatal Crashes

Proposes measures; move to mark sharpest tightening of oversight in sector in years

Our Bureau

New Delhi: Two fatal accidents in less than a month—a Learjet crash in Baramati that killed former Maharashtra deputy chief minister Ajit Pawar, and the death of all seven people on board an air ambulance in Jharkhand's Chatra district—have finally pushed India's aviation regulator into action on charter flights.

The Directorate General of Civil Aviation (DGCA) on Tuesday called all non-scheduled operators (NSOPs) for a high-level meeting and proposed measures which, if enforced, would mark the sharpest tightening of oversight in the sector in years.

At the core of the proposed new framework is a zero-tolerance policy on safety. Charter operators would be required to publicly disclose aircraft age, maintenance history, and pilot experience on their websites. The DGCA is also working on a safety ranking system for all NSOPs, with rankings to be published on its website — a move that could, for the first time, give charter passengers a way to compare operators before booking.

Accountability, long the missing piece in India's aviation safety culture, would now get direct regulatory focus. Senior management and accountable managers will be held personally responsible for systemic lapses. "Safety failures cannot simply be blamed on pilots," the regulator said pointedly.

Security personnel near the wreckage of Beechcraft C90 air ambulance that crashed in Chatra district on Monday

On the operational side, the DGCA will step up random Cockpit Voice Recorder (CVR) audits, cross-verify ADS-B data and fuel logs to check for unauthorised flights or falsification of records.

Pilots found violating flight duty time limitations would face licence suspension for up to five years.

